वारदात गोराबाजार, हनुमानताल में बहा लहू

24 घंटे में 2 कत्ल : खौफ के साए में शहर

जबलपुर। अपराधियों के हौसले इस कदर बुलंद हो चुके हैं कि अब उन्हें न तो कानून का डर है और न ही खाकी का खौफ। पूरा शहर डर के साए में है। पिछले 24 घंटों के भीतर एक के बाद एक 2 हत्याएं हुई है। पहली वारदात की स्याही सूखी भी नहीं थी कि दूसरी हत्या की खबर ने पुलिस महकमे में हड़कंप मचा दिया। ये हत्याएं किसी बंद कमरे में नहीं, बल्कि सरेआम और बेखौफ अंदाज में की गई हैं। इन वारदातों ने एक बार फिर गवाही दे दी है कि अपराधियों के दिल में पुलिस का खौफ अब पूरी तरह खत्म हो चुका है। पहली वारदात गोराबाजार थाना अंतर्गत डीमार्ट के सामने चिकन के रेट को लेकर दुकान संचालक, उसके बेटे और कर्मचारियों ने मिलकर जीजा-साले पर ताबड़तोड़ किया। जिसमें साले की मौत हो गई। जीजा घायल है। दूसरी वारदात हनुमानताल थाना स्थित बाबा टोला में हुई जहां सरेराह युवक की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। मौका-ए-वारदात पर पहुंची पुलिस ने छानबीन करते हुए तीनों ही मामलों में आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। गोराबाजार पुलिस ने दो आरोपित दबोच लिए है जबकि मझगवां पुलिस, हनुमानताल पुलिस कातिल की तलाश में छापेमारी कर रही है।



दौड़ा-दौड़ाकर पीटा, जिंदा नाले में फेंका, मौत

गोराबाजार थाना अंतर्गत डीमार्ट के सामने चिकन के रेट को लेकर हुए उपजे विवाद पर आरोपियों ने भारतीय सेना के एक जवान और उनके साले पर लाठी-डंडों और लोहे के मोटे तारों से हमला किया बल्कि हमलावरों ने युवक को अधमरा करने के बाद खंदारी नाला पुल से नीचे फेंक दियाजिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार रूपेन्द्र सिंह 33 वर्ष निवासी केण्ट 33 वीं आर्मड कोर हिसार हरियाणा में नायक के पद पर भारतीय सेना में कार्यरत है वह 27 दिन के अवकाश पर 28 अगस्त 26 को हरियाणा से जबलपुर आए है। शनिवार को मंगलेश्वरी कॉलोनी पिंक सिटी कजरवारा स्थित ससुराल गए जहां उसका साला अर्जुन सिंह अकेला रहता है और सेंट एलायसिस कॉलेज से एमएससी पास करके प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहा है। वह अपने साले अर्जुन सिंह के साथ चिकिन खरीदने अपनी स्कूटी से डीमार्ट के सामने स्थित सिकंदर चिकिन शॉप दुकान रात लगभग 9-30 बजे पहुंचे जहां अर्जुन सिंह चिकिन शॉप में काउण्टर पर खड़े सिंकदर खटीक के लड़के हर्ष खटीक से चिकिन खरीदने की बात करने पर और रेट को लेकर दोनों में बहस हुई। इसके बाद हर्ष खटीक, उसके पिता सिकंदर खटीक, कर्मचारी इमरान, सोनू, मनीष ने डंडे, केबल वायर से अर्जुन और उस पर ताबड़तोड़ हमला किया । अर्जुन भागने लगा तो सभी ने उनका पीछा कर दौड़कर खंदारी नाला पुल की रोड में दूसरे तरफ पुल पर ले गये। इसके बाद उसे खंदारी नाला पुल के नीचे धक्का देकर फेंक दिये। सर्च करने पर अर्जुन सिंह 25 वर्ष का शव मिला। पुलिस ने पांच आरोपियों के खिलाफ हत्या मामला दर्ज कर लिया है।

कच्ची शराब के ठिकाने पर चाकू से गोदकर युवक की हत्या

हनुमानताल थाना अंतर्गत बाबा टोला बस्ती के अंदर संचालित अवैध कच्ची जहरीली शराब के ठिकाने के पास शराब पी रहे युवक की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। जबकि एक गंभीर रूप से घायल है। जानकारी के अनुसार बाबा टोला में रविवार दोपहर 2 बजे 22 वर्षीय सूरज चौधरी व अन्य शराबखोरी कर रहे थे जिसके बाद विवाद उपजा और चाकूबाजी हुई। हमले में सूरज के शरीर पर गहरे घाव आए, जिससे अत्यधिक खून बहने के कारण उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। चाकूबाजी में भूरा चौधरी भी घायल हुआ। जिसे मेडिकल रिफर किया गया है। पुलिस ने शव को पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। एफएसएल और फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट्स ने अहम साक्ष्य जुटाए। पुलिस इस अंधी हत्या के पीछे पुरानी रंजिश या तात्कालिक विवाद दोनों पहलुओं पर जांच कर रही है। हत्या किसने की है इसका फिलहाल पता नहीं चल सका है। आरोपियों की पहचान के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं। संदिग्धों की तलाश में पुलिस की अलग-अलग टीमें दबिश दे रही हैं। पुलिस अधिकारियों का दावा है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जायेगा जिसके बाद कारण साफ हो सकेगा। आरोप है कि अवैध कच्ची शराब के ठिकाने और शराबखोरी के चलते ही वारदात हुई है।

इनका कहना है

सब देखते रहे, मदद नहीं की, हमें न्याय चाहिए



मृतक की बहन ने बताया कि जहां वारदात हुई वहां से थोड़ी दूरी पर कच्ची शराब बिकती है। जब हमला किया गया तब काफी लोग मौजूद थे किसी ने मद्द नहीं की। सब देख रहे थे। किसी ने बचाव का प्रयास नहीं किया हमें न्याय चाहिए।

जांच जारी, खंगाले जा रहे फुटेज



थाना प्रभारी सुभाष चंद्र बघेल ने बताया कि हमला किसने और किन कारणों से की इसका पता नहीं चल सका है। शराब खोरी के दौरान विवाद की बात सामने आई है । प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई कि मृतक और घायल ने एक दूसरे पर हमला किया है हालांकि हर एंगल पर जांच चल रही है। सीसीटीव्ही फुटेज खंगाले जा रहे है।

एक्शन होता तो नहीं होता खूनी संघर्ष : विजय



क्षेत्र में रहने वाले कांग्रेस युवा नेता विजय रजक ने बताया कि आबकारी विभाग पहले ही अवैध शराब ठिकानों पर एक्शन लेता तो जो खूनी संघर्ष हुआ वह नहीं होता। सस्ती शराब पीने के चक्कर में बस्तियों में जहरीली कच्ची शराब की दुकानें संचालित होती है आज बाबा टोला क्षेत्र में कच्ची शराब पीते समय दो लोगों पर जान लेवा हमला हुआ जिसमें एक की जान चली गई और दूसरा मेडिकल में इलाजरत है विरोध में सिंधी कैंप मुख्य चौराहे पर मृतक का शव रखकर तब तक धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

यार्ड रीमॉडलिंग से 20 ट्रेनें रद्द, कई के स्टेशन बदले

जबलपुर। बीना और आगासौद स्टेशनों के बीच तीसरी रेल लाइन जोड़ने के लिए दोनों स्टेशनों पर यार्ड रीमॉडलिंग का काम चल रहा है। 1 सितंबर से 15 अक्टूबर तक होने वाले प्री-एनआई और एनआई कार्य के चलते रेल यातायात पर असर पड़ेगा। इसके तहत ललितपुर-बीना और बीना-ललितपुर मेमू, बीना-कटनी मुड़वारा और कटनी मुड़वारा-बीना मेमू, जबलपुर-हजरत निजामुद्दीन और वापसी श्रीधाम एक्सप्रेस, बीना-रूठियाई व रूठियाई-बीना मेमू, भोपाल-ग्वालियर व ग्वालियर-भोपाल इंटरसिटी, ग्वालियर-एसएमवीटी बेंगलुरु व वापसी एक्सप्रेस, रानी कमलापति-संतरागाछी व वापसी हमसफर, भोपाल-दमोह व वापसी राज्यरानी तथा भोपाल-खजुराहो व वापसी महामना एक्सप्रेस को अलग-अलग तिथियों में निरस्त किया गया है। वहीं कटनी-बीना और बीना-कटनी मेमू, कोटा-बीना व बीना-कोटा मेमू, भोपाल-बिलासपुर व वापसी एक्सप्रेस, भोपाल-बीना मेमू, बीना-भोपाल मेमू समेत कई



ट्रेनों को बीना के बजाय खुरई, महादेवखेड़ी, मुंगावली, बीना मालखेड़ी और मंडीबमौरा से शॉर्ट टर्मिनेट या ओरिजिनेट किया जाएगा। नई दिल्ली-रानी कमलापति और रानी कमलापति-नई दिल्ली शताब्दी 15 अक्टूबर को ललितपुर से शॉर्ट टर्मिनेट/ओरिजिनेट होगी। इसके अलावा ग्वालियर-बीना, बीना-दमोह, दमोह-बीना, बीना-ग्वालियर सवारी और नागदा-बीना, बीना-नागदा ट्रेनों के गंतव्य/प्रारंभिक स्टेशन में बदलाव किया गया है। रेलवे का कहना है कि तीसरी लाइन जुड़ने के बाद परिचालन क्षमता बढ़ेगी और ट्रेनों के संचालन में सुगमता आएगी। यात्रियों को यात्रा से पहले ट्रेन की स्थिति और बदले हुए स्टेशन की जानकारी लेने की सलाह दी गई है।

प्लेटफॉर्म पर अचेत पड़ा था यात्री, समय पर मिला इलाज



जबलपुर। रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 6 पर एक व्यक्ति के अचेत अवस्था में पड़े होने की सूचना मिलते ही रेलवे प्रशासन सक्रिय हो गया। मौके पर पहुंची अनन्या क्लीनिक की पैरामेडिकल स्टाफ अनीता ने यात्री को तत्काल प्राथमिक चिकित्सा दी।

यात्री बोलने की स्थिति में नहीं था और उसके साथ कोई परिजन या परिचित भी मौजूद नहीं था। हालत गंभीर देखते हुए रेलवे ने बिना देर किए एम्बुलेंस बुलाकर उसे शासकीय अस्पताल भेजा। यात्री को अस्पताल पहुंचाने के दौरान ऑन-ड्यूटी आरपीएफ स्टाफ भी साथ रहा और जरूरी सहयोग दिया। रेलवे स्टाफ और चिकित्सा टीम की इस त्वरित पहल से अचेत यात्री को समय रहते उपचार मिल सका। जबलपुर रेल मंडल ने कहा कि यात्रियों की सुरक्षा, स्वास्थ्य और सहायता को लेकर रेलवे लगातार सतर्क है तथा जरूरत पड़ने पर तत्काल मदद उपलब्ध कराने के लिए स्टाफ को तत्पर रखा जा रहा है।

भोपाल से कुख्यात शातिर चोर को गिरफ्तार कर लाई पुलिस, 10 लाख के आभूषण जब्त

जबलपुर। तिलवारा पुलिस ने एक शातिर कुख्यात चोर को भोपाल से गिरफ्तार कर लिया जिसे शहर लाने के बाद पूछताछ की और इसके बाद चोरी का माल खरीदने वाले सुनार को भी दबोच लिया। कार्रवाई के दौरान सोने चांदी के जेवर कीमती 10 लाख रूपये के जप्त किए गए है। पुलिस सरगना को रिमांड में लेकर पूछताछ कर रही है जिसमें नए खुलासे होन की उम्मीद है।

थाना प्रभारी बृजेश मिश्रा ने बताया कि 22 मार्च 26 को सौरभ कुमार मिश्रा 35 वर्ष निवासी आनंदकुंज गढ़ा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसका छोटा भाई राहुल मिश्रा उम्र 34 वर्ष अरनव विहार तिलवारा में रहता है जो 20 मार्च को परिवार के साथ घर में ताला लगाकर सिंगरौली गया था। इसी बीच चोर घर से सोने चांदी के जेवरात चुराकर ले गए। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर सीसीटीव्ही फुटेज खंगाले। क्लू मिलने पर पूर्व में आरोपी सूरज उर्फदाऊ उर्फ डऊआ गौंड 19 वर्ष निवासी सहजपुर, भेड़ाघाट, विजय उर्फ नाटी 22 वर्ष निवासी इंद्राबस्ती, शारदा चौक, थाना गढ़ा, लखनलाल उर्फ साहिल पटेल 18 वर्ष निवासी दलपतपुर, थाना भेड़ाघाट को पकडा गया था । तीनों ने अरनव विहार तिलवारा स्थित उक्त घर में घुसकर चोरी करना स्वीकार करते हुये बताया कि घटना में एक अन्य आरोपी प्रेमनाथ मल्लाह भी शामिल है जो घटना से पूर्व रैकी करता है और बाद में माल ठिकाने लगाने का काम करता है। प्रेमनाथ मल्लाह की तलाश की गयी जो नहीं मिला। जिसकी गिरफ्तारी पर 3 हजार रूपये का ईनाम भी घोषित था। प्रेमनाथ उर्फ पप्पू मल्लाह के भोपाल में होने की सूचना मिलने पर एक टीम गांधी नगर पहुंची जहां से उसे दबोचा गया । पूछताछ करने पर चुराये जेवर अपने साथी विजय उर्फनाटी बैरागी, सूरज एवं साहिल उर्फलखनलाल पटेल, पत्नी दीक्षा मल्लाह को देना बताया और अपने हिस्से में मिले जेवरों सें कुछ जेवर अधारताल में प्रकाश ज्वेलर्स को बेचना, कुछ जेवर ससुराल का मकान दलपत में घर के अंदर रखना बताया।

वारदात से लेकर पुलिस से बचने के पैंतरे भी सिखाता था सरगना

उल्लेखनीय है कि पकडा गया आरोपी प्रेमनाथ मल्लाह उर्फ पप्पू मल्लाह एक शातिर नकबजन है। अंतर्राज्यीय चोर गिरोह का संचालन कर नए लड़कों को गिरोह में शामिल कर रैकी करने, ताला तोड़ने, पुलिस से बचने के पैंतरे सिखाता है। आरोपी प्रेमनाथ मल्लाह के खिलाफ देश के विभिन्न राज्यों, जिलों और थानों में चोरी, नकबजनी व लूट के लगभग 5 दर्जन अपराध पूर्व से दर्ज है।

भेड़ाघाट, अधारताल में दबिश, जेवरात बरामद

आरोपी की निशादेही पर दलपतपुर भेड़ाघाट में छिपाकर रखा चुराया हुआ सोने का हार, 3 मंगलसूत्र के पेंडल, जप्त करते हुये अधारताल में दबिश देते हुये प्रकाश ज्वेलर्स के संचालक जय प्रकाश सोनी पिता ओमकार सोनी 46 वर्ष निवासी संजय नगर अधारताल को अभिरक्षा मे लेते हुये पूछताछ करने पर प्रेम मल्लाह से जेवर खरीदना स्वीकार करते हुये खरीदे हुई उक्त जेवरों को गला दिया था, जिससे कुछ गुरिया, एवं अंगूठी बनायी, शेष ऐसे ही रखा है। निशादेही पर गला कर बने 24 गुरिया, अंगूठी, गला हुआ सोना, चांदी का कडा, पायलें जप्त किया गया और भी प्रकरणो मे पूछताछ के लिए प्रेमनाथ मल्लाह को पुलिस रिमाण्ड में लिया गया।

एक नजर में

कॉपर केबल काटकर भाग रहा था, आरपीएफ ने दबोचा

जबलपुर। जेईएसजी साइडिंग में खड़े रेलवे इंजन के नीचे से कॉपर केबल काटकर बोरी में भरकर ले जा रहे 29 वर्षीय युवक को आरपीएफ जबलपुर ने घेराबंदी कर पकड़ लिया। उपनिरीक्षक राजकुमार चंदेल स्टाफ के साथ अधारताल क्षेत्र में गश्त कर रहे थे, तभी संदिग्ध युवक इंजन के नीचे से बोरी लेकर निकलता दिखा। आरपीएफ ने उसे रोकने का प्रयास किया तो उसने भागने की कोशिश की, लेकिन टीम ने घेरकर पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपनी पहचान सैफी खान उर्फ सलमान, निवासी नरसिंहपुर, हाल मोतीनाला, जबलपुर के रूप में बताई। उसके कब्जे से करीब एक मीटर लंबी कॉपर केबल बरामद हुई, जिसे उसने आरी से काटकर चोरी करना स्वीकार किया। आरपीएफ पोस्ट जबलपुर में मामले की जांच उपनिरीक्षक प्रवीण कुमार ने की। आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की गई। नाम-पते के सत्यापन के बाद आरोपी को नियमानुसार नोटिस देकर रिहा कर दिया गया। रेलवे सुरक्षा बल ने स्पष्ट किया कि रेल संपत्ति की चोरी और अनधिकृत गतिविधियों पर निगरानी लगातार जारी रहेगी।

व्हाट्सएप हैक कर अस्पताल डायरेक्टर, कर्मी से ठगी

जबलपुर। विजयनगर में शातिर ठग ने एक अस्पताल कर्मी का व्हाट्सएप हैक कर उसके करीबियों को निशाना बनाया। जालसाजों ने एक ही अस्पताल के मार्केटिंग कर्मी और डायरेक्टर को झांसे में लेकर उनके बैंक खातों से कुल 1 लाख 10 हजार रुपये पार कर दिए। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, रामेश्वरम कॉलोनी विजयनगर निवासी अतुल कुमार (27) स्वास्तिक अस्पताल में होम केयर मार्केटिंग का काम करता है। उसके व्हाट्सएप पर उसके ही साथ काम करने वाले दीपक सेन के मोबाइल नंबर से एक मैसेज और संदिग्ध लिंक आई। अतुल ने जैसे ही उस लिंक को खोला, कुछ ही देर में उसके मोबाइल पर बैंक का मैसेज आया कि उसके खाते से 55 हजार रुपये कट चुके हैं। अतुल को ठगने के बाद जालसाजों ने इसी हैक किए गए व्हाट्सएप अकाउंट का इस्तेमाल स्वास्तिक अस्पताल के डायरेक्टर कृष्ण कुमार साहू को ठगने के लिए किया। दीपक सेन के नंबर से डायरेक्टर साहू के मोबाइल पर भी वही लिंक भेजी गई। जैसे ही डायरेक्टर ने उस लिंक पर क्लिक किया, उनके खाते से भी 55 हजार रुपये गायब हो गए। जब अतुल और डायरेक्टर कृष्ण कुमार ने दीपक सेन से इस लिंक के बारे में पूछा, तो उसके पैरों तले जमीन खिसक गई। दीपक ने बताया कि उसका व्हाट्सएप अकाउंट हैक हो चुका है और उसने किसी को कोई लिंक नहीं भेजी है। तब जाकर दोनों को समझ आया कि वे साजिश का शिकार हो चुके हैं।

माइनिंग कर्मी, महिला के खाते से उड़ाए सवा लाख

घमापुर और ओमती थाना क्षेत्रों में साइबर ठगों ने माइनिंग कर्मी और महिला को निशाना बनाकर करीब 1 लाख 5 हजार रुपये उड़ा दिए। जानकारी अनुसार घमापुर लालमाटी निवासी माइनिंग कर्मी दुर्गेश रजक को अज्ञात ठग ने बालाजी ट्रांसपोर्टर बनकर कॉल किया और माइंस में गाड़ियां लगाने का झांसा देकर एडवांस के नाम पर 44,000 रुपये ऐंठ लिए। वहीं ओमती रसल चौक निवासी अनुराधा गुप्ता का मोबाइल अज्ञात हैकर ने हैक कर लिया। दोपहर में करीब एक घंटे के लिए महिला के फोन की स्क्रीन बंद रही और इसी बीच हैकर ने उनके बैंक ऑफ इंडिया के खाते से फोन पे के माध्यम से मात्र 3 मिनट में 60,998 रुपये पार कर दिए। पुलिस दोनों मामलों की जांच कर रही है।



कॉम्बिग गश्त : 225 वारंटी पकड़ाए

जबलपुर। शहर से लेकर ग्रामीण अंचल की पुलिस ने कॉम्बिग गश्त की। इस दौरान कई वर्षों से फरार 110 गैर म्यादी वारिटयों एवं 66 गिरफ्तारी वारंट तामील किए गए। 49 जमानती वारंट भी तामील किए गए है। अधिकांश आरोपी लंबे समय से पुलिस से बचते फिर रहे थे, जिन्हें गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। कॉम्बिग गश्त के दौरान वारंटी एवं लंबित मामलों में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी शहर एवं देहात के थानों में पदस्थ लगभग अधिकारी एवं कर्मचारियों की टीमें बनाई गई, एक टीम के प्रभारी थाना प्रभारी स्वयं थे, अन्य टीम के प्रभारी उप निरीक्षक, सहायक उप निरीक्षक स्तर के अधिकारी थे। गश्त अपराधों की रोकथाम के लिए पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय के निर्देश पर बीती रात्रि 9 बजे से रात्रि 2 बजे तक एएसपी शहर डॉ आयुष जाखड़, एएसपी अपराध जितेन्द्र सिंह, एएसपी जोन-2 पल्लवी शुक्ला, एएसपी जोन-4 अंजना तिवारी, एएसपी मुख्यालय सूर्यकांत शर्मा, एएसपी यातायात अखिलेश तिवारी के मार्ग निर्देशन में कराई गई। इसके साथ ही कांबिंग गस्त के दौरान सक्रिय गुंडे बदमाशों को चेक करते हुए देर रात आने जाने वालों से रोक-टोक पूछताछ एवं रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड के साथ-साथ मुसाफिरखाना में संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों की चेकिंग की गई।

दोपहर बाद गर्जना के साथ बरसे बदरा, बिजली हुई गुल

जबलपुर। शहर में रविवार को मौसम के कई रंग देखने को मिले। सुबह से ही आसमान में सूरज और बादलों के बीच आंख-मिचौली का दौर चलता रहा। बीच-बीच में बादलों की ओट से निकली तीखी धूप ने लोगों को परेशान किया दोपहर बाद मौसम ने अचानक करवट बदली। ठीक 3:10 बजे के बाद आसमान में काले-घने बादलों का डेरा जमा हो गया और



देखते ही देखते दिन में ही अंधेरा छा गया। इसके साथ ही हवाएं चलने लगीं, मौसम के इस बदले मिजाज के बीच बादलों की तेज गर्जना और बिजली की कड़कड़ाहट के साथ बदरा जमकर बरस पड़े। रात तक रिमझिम बारिश का दौर जारी रहा। मानसून सीजन में बारिश का आंकड़ा 765.6 मिमी पर पहुंच गया। वहीं बारिश के दौरान आईटीआई माढ़ोताल, अधारताल, रांझी, गढ़ा, घमापुर, छोटी ओमती, आनंद नगर, नेता कॉलानी, रजा चौक में बिजली की आंख मिचौली चली।

ऐसा रहा तापमान

रविवार को अधिकतम तापमान 33.3 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया जो सामान्य से 2 डिग्री अधिक रहा । न्यूनतम तापमान 23.4 डिग्री पर पहुंच गया । सुबह के वक्त आद्रता 80 और शाम को 96 प्रतिशत दर्ज की गई। उत्तर-पूर्वी हवाएं 6 किमी की रफ्तार से चली।

गंदगी सिविक सेंटर से विजय नगर तक गंदगी का अंबार

डस्टबिन लगाए, लेकिन कचरा उठाना भूले !



जबलपुर। शहर को स्वच्छ और कचरामुक्त रखने के लिए नगर निगम ने करीब 300 डस्टबिन लगवाए थे, लेकिन अब यही डस्टबिन कई इलाकों में सफाई व्यवस्था की बदहाली की तस्वीर दिखा रहे हैं। सिविक सेंटर, राइट टाउन, विजय नगर समेत शहर के कई प्रमुख क्षेत्रों में डस्टबिन कचरे से पूरी तरह भर चुके हैं। क्षमता से अधिक कचरा होने के कारण अब यह बाहर तक फैल रहा है। सड़क किनारे और फुटपाथ पर बिखरा कचरा न केवल शहर की सुंदरता बिगाड़ रहा है, बल्कि राहगीरों और आसपास के दुकानदारों को बदबू और गंदगी का सामना करना पड़ रहा है। व्यस्त इलाकों में स्थिति ज्यादा खराब नजर आ रही है, जहां दिनभर लोगों की आवाजाही रहती है।

आसपास डाल रहे कचरा

नगर निगम ने डस्टबिन लगाकर लोगों से कचरा निर्धारित स्थान पर डालने की व्यवस्था तो कर दी, लेकिन समय पर कचरा उठाने और डस्टबिन खाली कराने की व्यवस्था कमजोर पड़ती दिखाई दे रही है। कई जगह डस्टबिन इतने भर चुके हैं कि लोग मजबूरी में कचरा आसपास डाल रहे हैं। इससे डस्टबिन के चारों तरफ कचरे का ढेर बन रहा है और स्वच्छता व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब डस्टबिन समय पर खाली नहीं होंगे तो लोग उनका उपयोग करने के बजाय आसपास कचरा डालने लगेंगे। ऐसे में केवल डस्टबिन लगाना पर्याप्त नहीं, बल्कि उनके नियमित उठाव और सफाई की जिम्मेदारी भी तय होना जरूरी है।

अभियान का उद्देश्य अधूरा

सफाई व्यवस्था की असली परीक्षा डस्टबिन लगाने में नहीं, उन्हें खाली और साफ रखने में है। शहर के प्रमुख और व्यस्त क्षेत्रों में ही यदि कचरा खुले में फैलता रहा तो स्वच्छता अभियान का उद्देश्य अधूरा रह जाएगा। नगर निगम को ऐसे स्थानों की नियमित निगरानी कर डस्टबिन के भरने से पहले कचरा उठाने की व्यवस्था करनी चाहिए। साथ ही जहां रोजाना ज्यादा कचरा निकलता है, वहां उठाव की आवृत्ति बढ़ाने की जरूरत है। नागरिकों का कहना है कि शहर को साफ रखने में उनकी भी जिम्मेदारी है, लेकिन निगम को भी अपनी व्यवस्था लगातार सक्रिय रखनी होगी। अब देखना यह है कि 300 डस्टबिन शहर की सफाई का जरिया बनते हैं या खुद गंदगी के नए ठिकाने।

शिक्षकों ने लिया संस्कारयुक्त शिक्षा का संकल्प

जबलपुर। गीता भवन स्थित नेताजी सुभाषचंद्र बोस ऑडिटोरियम में बॉप्स बालप्रवृत्ति द्वारा 'चलो बनें आदर्श' अभियान का भव्य शुभारंभ किया गया। पूज्य ज्ञाननयनदास स्वामी के सानिध्य में आयोजित राज्यस्तरीय शिक्षक सम्मेलन में जिले के शासकीय एवं निजी विद्यालयों के करीब 2000 प्राचार्य और शिक्षकों ने सहभागिता की। महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू', लोक शिक्षण के संयुक्त संचालक घनश्याम सोनी, जेडीए अध्यक्ष संदीप जैन, जिला शिक्षा अधिकारी गौतम बर्वे सहित संतों एवं शिक्षा जगत से जुड़े अतिथियों की मौजूदगी में वैदिक मंत्रोच्चार और दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम शुरू हुआ। कार्यक्रम में पूज्य ज्ञाननयनदास स्वामी ने 'सा विद्या या विमुक्तये' विषय पर संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा केवल किताबी ज्ञान नहीं, बल्कि संस्कार, चरित्र और नैतिक मूल्यों का निर्माण करने वाली होनी



चाहिए। उन्होंने शिक्षकों को समाज और राष्ट्र का निर्माता बताते हुए विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण में उनकी भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। महापौर अन्नू ने कहा कि संस्कारधानी के प्राचार्य और शिक्षक उनके लिए देवतुल्य हैं, क्योंकि उनके दिए ज्ञान और संस्कारों से ही समाज का निर्माण होता है।

मोबाइल ऐप किया गया लॉन्च

अभियान के तहत विद्यालयों में विद्यार्थियों के सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास और नैतिक मूल्यों के संवर्धन के लिए डिजिटल माध्यम का उपयोग किया जाएगा। इसके लिए 'बिकम आदर्श' मोबाइल एप लॉन्च किया गया, जिसमें प्रेरणादायी वीडियो और शैक्षणिक सामग्री उपलब्ध रहेगी। राष्ट्रीय प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर तिलक भाई मोदी ने शिक्षकों को ऐप के उपयोग और अभियान के क्रियान्वयन का प्रशिक्षण दिया। सम्मेलन के समापन पर शिक्षकों ने हर बच्चे तक संस्कारयुक्त एवं मूल्यपरक शिक्षा पहुंचाने और उज्ज्वल भारत के निर्माण में योगदान देने का संकल्प लिया।